शुक्रिया तेरा ओ बाबा

शुक्रिया तेरा ओ बाबा,
निभाई है तुमने यारी,
सुदामा अपना समझ के,
मेरी किस्मत है सँवारी
शुक्रिया तेरा ओ श्याम......

शुक्रिया तेरा ओ श्याम,
निभाया तूने वादा,
मैंने जितना तुमसे माँगा,
दिया तुमने उससे ज़्यादा,
शुक्रिया तेरा ओ श्याम......

शुक्रिया तेरा ओ बाबा,
बना पहचान तू मेरी,
दीवान श्याम का बोले,
यही थी मर्ज़ी मेरी,
शुक्रिया तेरा ओ श्याम......

शुक्रिया तेरा ओ बाबा,
हारे का तू है सहारा,
तेरे चरणों में बीते,
सांवरे जीवन हमारा,
शुक्रिया तेरा ओ बाबा......

शुक्रिया तेरा ओ बाबा,
आखिरी विनती है मेरी,
जनम जब भी लूँ बाबा,
करूँ मैं भक्ति तेरी,
शुक्रिया तेरा ओ बाबा.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24518/title/shukriya-tera-oh-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |